आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 28.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- आज विश्व रेबीज़ दिवस है– उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपसमूह के रेबीज़ मुक्त स्तर को बनाए रखने के लिए सभी हितधारकों से सहयोग देने को कहा।
- कल पूरे विश्व के साथ द्वीपसमूह में भी विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया।
- गरीबी रेखा से ऊपर, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों से इक्कतीस अक्तूबर तक ई–के वाई सी कराने का एक बार फिर अनुरोध किया गया है।
- दक्षिण अंडमान जिले में बिना वैध लाइसेंस के होटलों, अतिथि आवासों, लॉज और बेड एंड ब्रेकफास्ट को संचालित करने की अनुमति नही है।
- दक्षिण अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप–किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

आज विश्व रेबीज़ दिवस है। इस अवसर उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने संदेश जारी कर कहा कि हर वर्ष अट्ठाईस सितम्बर को लुईस पाश्चर की पुण्यतिथि पर पूरे विश्व से रेबीज़ के उन्मूलन के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के उददेश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– ब्रेकिंग रेबीज़ बाउंड्रीज़। उप–राज्यपाल ने कहा कि रेबीज़ के उन्मूलन के लिए सभी क्षेत्र के लोगों, संगठनों तथा हितधारकों की समावेशी एकजुटता इसका प्रमुख लक्ष्य है। इस वर्ष हमारा ध्यान पिछले वर्ष से एक कदम आगे बढ़कर स्वास्थ्य तंत्रों को आपसी सहयोग तथा एकजुटता से और अधिक सुदृढ़ बनाने पर केन्द्रित है। वर्ष दो हजार तीस तक कुत्तों के काटने से होने वाली मृत्यु को शून्य करने के वैश्विक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए असंतुलित स्वास्थ्य तंत्रों को मजबूत बनाने के वास्ते विश्व स्तर पर हम सभी को एकजुटता कें साथ प्रयास करने की आवश्कता है। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह भारत के उन गिन–चुने क्षेत्रों में से हैं, जो अब तक इस बीमारी से मुक्त है। हम इस बीमारी की कड़ी निगरानी के लिए पालतू जानवरों का नियमित रेबीज़ प्रतिरोधक टीकाकरण तथा सभी हितधारकों, पालतू जानवरों के मालिकों, सोसाइटी, प्रशासन के विभिन्न विभागों, पंचायती राज संस्थानों तथा नगरपालिका परिषद के सहयोग और योगदान से भविष्य में भी ऐसी

स्थिति को बनाए रख सकते है। उप–राज्यपाल ने इन प्रयासों के सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><><>

कल पूरे विश्व के साथ द्वीपसमूह में भी विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। पर्यटन निदेशालय द्वारा डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के सचिव विश्वेन्द्र मुख्य अतिथि और निदेशक अज़रूद्दीन ज़हीरूद्दीन काज़ी सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में पर्यटन से जुड़े सभी हितधारकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि द्वीपसमूह में पर्यटन के विभिन्न तत्व और पहलु है, जिन्हें दुनिया के सामने प्रदर्शित किया जा सकता है। उन्होंने पर्यटन के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, नीतिगत ढांचे, व्यवहार आदि के संदर्भ में तैयारियों को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। सचिव ने द्वीपों में समग्र पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी की सामूहिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला और सभी हितधारकों से आगे आने और इसके विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने द्वीपसमूह को लघु भारत बताते हुए कहा कि यहां पर देश के विभिन्न भागों के लोग शांति और सद्भाव के साथ रहते हैं। उन्होंने पर्यटन उद्योग, हितधारकों और विभाग से पर्यटन क्षेत्र को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का आग्रह किया, ताकि द्वीपसमूह दुनिया में सबसे अधिक पसंदीदा पर्यटन स्थल बन सके। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार और प्रमाणपत्र से भी सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

गरीबी रेखा से ऊपर अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों से इक्कतीस अक्तूबर तक ई–के वाई सी कराने का एक बार फिर अनुरोध किया गया है। निर्धारित तिथि के बाद नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। ऐसे सभी लाभार्थी नागरिक आपूर्ति विभाग के कमरा नम्बर बीस या अपने–अपने आपूर्ति विभाग के इकाईयों से संपर्क कर ई–के वाई सी करा सकते हैं। ऐसे सभी बचे हुए लाभार्थियों की सूची संबंधित उचित मूल्य की दुकानों मे भी जानकारी के लिए उपलब्ध कराया गया है।

इस बीच, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का पांच वर्ष की आयु होने से पहले ही आधार बनाया गया था। इस कारण इनका ई– के वाई सी पूर्ण नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी लाभार्थियों से भी अपने नजदीकी केन्द्रों में जाकर आधार को तर्कसंगत

बनाने को कहा गया है। आपूर्ति विभाग की ओर से लगातार आधार शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। ऐसे लाभार्थी एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों के आधार में सुधार के लिए नागरिक आपूर्ति विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले में राष्ट्र विरोधी ताकतों के संदिग्ध गैर गतिविधियों को रोकने और जनता तथा उनकी सम्पत्तियों की रक्षा के लिए जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की ओर से सभी होटल, आतिथि आवासों, लॉज और होम स्टे मालिकों के लिए लिखित आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि जिन होटलों, अतिथि आवासों, लॉज और बेड एंड ब्रेकफास्ट के पास वैध लाइसेंस है, उन्हें ही जिले में संचालित करने की अनुमति है। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों में समुचित मात्रा में सीसी टीवी कैमरा भी होने चाहिए, जिसके जरिए लोगों के परिसरों में प्रवेश और निकासी का पता चल सके। सभी कैमरा कार्य करने की स्थिति में हो और कवरेज को कम से कम तीस दिनों तक संरक्षित रखना होगा। ऐसे सभी संस्थानों को परिसर में रहने वाले लोगों के बारे में पूर्ण जानकारियां रखने के लिए रजिस्टर भी बनाए रखना होगा और संबधित लोगों की वैध पहचान की कॉपी भी रिकॉर्ड के लिए रखनी होगी। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को फार्म सी भरकर निर्धारित अवधि के भीतर प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा। यह आदेश पच्चीस सितम्बर से लागू हो गया है, जो अगले साठ दिनों तक जारी रहेगा। आदेश में इसका पालन करने को कहा गया है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा दो सौ आठ के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप–किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट की ओर से इस संबंध में आदेश जारी करते हुए यह कहा गया है कि इस निर्णय से असामाजिक तत्वों के भागने या छिपने पर रोक लगाया जा सकता है और इससे लोगों की सुरक्षा तथा ज़िले में शांति को भी कायम किया जा सकेगा। आदेश के तहत किसी भी मकान मालिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधक या मालिकों को किराएदारों या पेईंग गेस्ट को रखने से पहले स्थानीय पुलिस थाने में इसकी जानकारी देनी होगी। नौकर के संबंध में भी यह आदेश लागू होगा। आदेश पच्चीस सितम्बर से लागू हो गई है और अगले साठ दिनों तक लागू रहेगी।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्स–रे मशीन स्थापित की गई है। सहायक आयुक्त केशव नरेन्द्र ने इस मशीन का उद्घाटन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि इस एक्स–रे मशीन के आ जाने से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए सहायता मिलेगी।

उधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कैम्पबेल बे बाजार से लेकर सी सी एस चौक तक रैली निकाली गई। रैली को सहायक आयुक्त केशव नरेन्द्र ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वास्थ्य कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित करीब पचास से अधिक लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के कुछ भागों में बिजली से संबंधित कार्य किए जाने की वजह से आज शोल बे फरारगंज फीडर और होपटाउन वी फीडर में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे तक होगी।

<><><><><><><>